शिव मेरे हो गए

हर हर हर हर शम्भू हर हर हर हर,
हर हर हर हर शम्भू हर हर हर हर....

शिव मेरे हो गए मैं शिव का हो गया,
पाप पुण्य से परे मैं शिव में खो गया,
आकाश शिव धरा है शिव,
हर जगह है शिव सारे जहाँ में शिव,
जला शिव की ज्योत्रि हृदय कैलाशी हो गया,
शिव मेरे हो गए मैं शिव का हो गया,
पाप पुण्य से परे मैं शिव में खो गया,
हर हर हर हर शम्भू.....

लोभ छूटा जबसे मेरा मोह छूटा सबसे मेरा,
जबसे शिव को निहारा हुआ जीवन धन्य मेरा,
सूर्य है शिव चन्द्रमा है शिव,
जल भी है शिव हवा भी शिव,
धुप भी शिव अन्न भी है शिव,
जन्म है शिव मृत्यु है शिव,
देख आदित्य तुम्हे मैं तो तुझमे खो गया,
शिव मेरे हो गए मैं शिव का हो गया,
पाप पुण्य से परे मैं शिव में खो गया,
हर हर हर हर शम्भू.......

तुम उमापति हो शंकर,
तुम रूद्र रूप हो शंकर,
तुम कैलाश के स्वामी,
तुम महाकालेश्वर शंकरा,
पर्वत में शिव वन में है शिव,
हर घर के बाहर घर में है शिव,
ब्रह्मा भी शिव विष्णु भी शिव,
हर दिल की धड़कन में है शिव,
दूर मैं दुनियादारी से लीन शिव में हो गया,
शिव मेरे हो गए मैं शिव का हो गया,
पाप पुण्य से परे मैं शिव में खो गया,
हर हर हर हर शम्भू.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29769/title/shiv-mere-ho-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |